<u>बीएचईएल ने हाइड्रोजन वैल्यू चेन में हरित हाइड्रोजन और डेरिवेटिव के लिए ग्रीनस्टैट हाइड्रोजन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए</u>

नई दिल्ली, 8 अगस्त भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) और ग्रीनस्टैट हाइड्रोजन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (जीएचआईपीएल) ने 'हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला में हरित हाइड्रोजन और डेरिवेटिव में संभावित सहयोग के अवसरों' के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता ज्ञापन 'राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन' में योगदान देगा जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में भारत को 'आत्मनिर्भर' बनाना है ।

श्री एस प्रभाकर, महाप्रबंधक एवं प्रमुख (कोयला से रसायन) और श्री स्टर्ल हेराल्ड पेडरसन, अध्यक्ष, जीएचआईपीएल ने श्री उपिंदर सिंह मठारू, निदेशक (पावर), बीएचईएल, श्री जय प्रकाश श्रीवास्तव, निदेशक (ई,आर एंड डी) और निदेशक (वित्त) - अतिरिक्त प्रभार, बीएचईएल, श्री. जीवन प्रकाश गुप्ता, एमडी, जीएचआईपीएल, और बीएचईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।